16U304 (Pages:2) Name: …………………

Reg. No………………..

THIRD SEMESTER UG DEGREE EXAMINATION, NOVEMBER 2017

(CUCBCSS - UG)

CC16U HN3 A09 - POETRY IN HINDI

(Hindi - Common Course)

(2016 Admission - Regular)

Time : Three Hours Maximum : 80 Marks

I. 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है।

(क) कोष्ठक से सही उत्तर चुनकर लिखिए।

1. कबीर साधू की तुलना किससे करते हैं ?
   (गुरु, ईश्वर,ग्रंथ,सूप)
2. नागार्जुन का संबंध किस काव्य-धारा से है ?
   (छायावाद,प्रगतिवाद,प्रयोगवाद,रहस्यवाद)
3. धब्बे का रंग लाल से क्या हो गया ?
   (काला,नीला,गोरा,पीला)
4. 'सम्राज्ञी का नैवेद्य-दान' कविता का संबंध किस देश से है ?
   (चीन,जापान,यूनान,रूस)
5. 'भूमिजा' का शब्दार्थ क्या है ?
   (धरती से पैदा,धरती की माँ,धरती की रानी,धरती की बहिन)

(ख). उचित शब्दों से खाली स्थान भरिए।

6. कृष्ण की कृपा से ------पर्वत लांघ सकता है।
7. पंत को अपनी रचना------ केलिए ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला।
8. गोली चलने पर सबसे पहले ------ मारा जाता है ।
9. नागार्जुन का असली नाम ------ है।
10. माँ ने तकिए के खोलों पर ------ कढवाया था !

(10 x 1 = 10 Marks)

II. किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए।

11. माली को देखकर कलियाँ क्यों दुःखी हो जाती हैं ?
12. प्रेमिका के बाल-जाल पर प्रेमी क्यों अपनी आँखें उलझा नहीं पाता ?
13. कवि क्यों कहते हैं कि राम और वेद मनुष्य को रोटी दे नहीं सकते ?
14. बारिश ने धब्बे के साथ कैसा व्यवहार किया ?

15. कात्यायनी की राय में पुरुष ने स्त्री को घर क्यों दिया ?

16. ओढनी का प्रतीकार्थ क्या है ?

17. गंगा की शुभ्र त्वचा कैसे बैंगनी हो गई ?

18. महर्षि विश्वामित्र राम-लक्ष्मण को अपने साथ क्यों ले जाता है ?

19. अहल्या के सामने राम कौन-सी प्रतिज्ञा करता है ?

20. त्रिजटा सीता के पास क्यों आती है ?

21. सीता की धाई क्यों कहती है कि वह जनक की पुत्री नहीं है ?

22. क्षेमा नामक मुनिकन्या लव को क्यों टोकती है ?

(10 x 2 = 20 Marks)

III. किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

23.बलराम अपने भाई कृष्ण की हँसी कैसे उडाता है ?

24.दलितों का कौन-सा काला इतिहास 'बस्स! बहुत हो चुका' में उभर आता है ?

सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

25.रुद्ध कोष है, क्षुब्ध तोष,
अंगना-अंग से लिपटे भी
आतंक अंक पर काँप रहे हैं
धनी, वज्र-गर्जन से बादल!

26. वहीं-वहीं प्रत्येक भरे प्याला जीवन का,
वहीं-वही नैवेद्य चढा
अपने सुंदर आनंद-निमिष का,
तेरा हो,
हे विगतागत के, वर्तमान के, पद्मकोश!

27. नहीं हुई थी अम्ब,आप पाषाण
नहीं हुई थी अम्ब,आप निष्प्राण-
नहीं-नहीं, अन्तःसलिला मरुभूमि-
सदृश आप भी रहीं चेतनापूर्ण।

28. प्रमाणित क्या करना है मुझे ?
पावनता अपनी? अपना शील ?
प्रमाणित क्या करना है मुझे?
गुह्य शुचिता ? चारित्रिक ओज?

(4 x 5 = 20 Marks)

IV. किन्हीं दो प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए।

29.‘नदी और साबुन’ में अभिव्यक्त पारिस्थितिक विमर्श पर प्रकाश डालिए।

30.‘भूमिजा’ की सीता और पुराण की सीता की चारित्रिक विशेषताओं की तुलना कीजिए।

31. वर्तमान समय की स्त्रीवादी मानसिकता को ‘अपराजिता’ में कैसे दिखाया गया है ?

(2 x 15 = 30 Marks)

****